AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीटेक-बीफार्मा के सीधे प्रवेश अब 16 को

लविवि : यूपीटेक की काउंसिलिंग शेड्यूल में बदलाव से तिथि में परिवर्तन

माई सिटी रिपोर्टर

कोर्सों की पहले सेमेस्टर की कक्षाएं भी 16 के बजाय अब 23 नवंबर से होंगी शुरू

लखनऊ। बीटेक, बीफार्मा व एमसीए की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने शेड्यूल में बदलाव किया है। ऐसा एकेटीयू की ओर से आयोजित की जा रही यूपीटेक की काउंसिलिंग में किए बदलाव के कारण हुआ है। इसके साथ ही इन कोर्सों की पहले सेमेस्टर की कक्षाएं चलाने की तिथि भी बदली गई है।

लविवि के इंजीनियरिंग संकाय में यूपीटेक की कांउसिलिंग से बीटेक, बीफार्मा व एमसीए कोर्सों में प्रवेश लिए गए। इसके बाद इनकी खाली सीटों पर एडमीशन के लिए विद्यार्थियों से रजिस्ट्रेशन करवाए गए। 14 नवंबर को सीधे प्रवेश की तिथि तय की गई थी। डीन इंजीनियरिंग प्रो. एके सिंह ने सूचना जारी कर कहा कि अब सीधे प्रवेश की काउंसिलिंग 16 नवंबर को होगी। बीटेक, बीफार्मा लेटरल इंट्री (सेकेंड ईयर) में सीधे प्रवेश 19 को न्यू कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में किए जाएंगे। इसी तहर पहले 16 से प्रस्तावित कक्षाएं अब 23 नवंबर से शुरू होंगी।

पीएचडी का सीट एलॉटमेंट: लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के क्रम में कई विषयों की कंप्लीट मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई थी। शुक्रवार को बॉटनी, कॉमर्स, भूगोल, हिंदी, मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास, शारीरिक शिक्षा व साइकोलॉजी का सीट एलॉटमेंट जारी कर दिया गया। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विद्यार्थी अपनी लॉगिन-आईडी से 12 से 15 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं। विवि ने परास्नातक के कोर्सों में पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पहली हॉस्टल आवंटन सूची जारी कर दी है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह के अनुसार विद्यार्थी सूची में नाम देखकर फीस 17 नवंबर तक ऑनलाइन जमा कर दें। इसके बाद सीटें खाली रहने पर अगली सूची जारी होगी।

एलएलबी की तीसरी मेरिट जारी : डीएवी पीजी कॉलेज में एलएलबी प्रवेश की तीसरी मेरिट जारी कर दी गई है। विद्यार्थी इसे वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि इस मेरिट के प्रवेश 14 नवंबर तक होंगे। इसके बाद सीटें खाली रहने पर अगली मेरिट जारी की जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में फिर पकड़े गए बाहरी छात्र

लविवि में शुक्रवार को विद्यार्थियों के आईकार्ड चेक हुए। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दो दिन पहले मारपीट के बाद शुक्रवार को भी प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने परिसर में विद्यार्थियों के आईकार्ड चेक किए। इस दौरान एमबीए विभाग के पास एक छात्रा बाहरी लड़के के साथ मिली। लड़का कोई कागज नहीं दिखा सका तो उसके परिवारीजन को सूचित किया गया। लिखित माफीनामा लेकर उसे छोड़ा गया। गेट नंबर चार के पास कैंटीन में भी एक मेडिकल कॉलेज के दो छात्र पकड़े गए। उन्होंने बताया कि वे कैंपस घूमने आए थे। इन्हें कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

पुनर्वास विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार ने किया औचक निरीक्षण

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह ने शुक्रवार को कैंपस में सफाई, निर्माण कार्य, प्रशासनिक भवन के सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कई जगह कमियां मिलने पर उन्होंने अधिकारियों और पटल सहायकों को दिशा-निर्देश भी दिए। (माई सिटी रिपोर्टर)

पुरा छात्र सम्मेलन आज

लखनऊ। लविवि के हबीबुल्लाह छात्रावास में पुराछात्र एसोसिएशन शनिवार शाम छह बजे से पुरा छात्र सम्मान एवं समागम कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसमें छात्रावास परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, भाषण एवं गायन प्रतियोगिता होगी। प्रोवोस्ट प्रो. महेंद्र कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, चीफ प्रॉक्टर, चीफ प्रोवोस्ट होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

लखनऊ। लविवि की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने द महिंद्रा कंपनी की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें दो हजार विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। 16 प्रोफाइल पर 250 पदों के लिए छात्रों ने कंप्यूटर की परीक्षा दी। प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इसके बाद परीक्षा का अगला चरण आयोजित होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के छात्रों ने जीती प्रतियोगिता

लखनऊ। सीतापुर के आरएमपी पीजी कॉलेज में 21वीं स्व. नवीन जैन सेठी अंतविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में लविवि के छात्रों को सर्वश्रेष्ठ दल का पुरस्कार मिला। अक्षय प्रताप सिंह ने पक्ष व अर्पित कटियार ने विपक्ष में बोलते हुए पुरस्कार जीता। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रहीस सिंह थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

एलयू में पीएचडी दाखिले के लिए 8 विषयों की मेरिट लिस्ट जारी

चयनित अभ्यर्थी आज से 15 तक जमा कर सकेंगे फीस

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के तहत शुक्रवार को आठ विषयों की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम में शनिवार दोपहर 12 बजे से 15 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं। एलयू एडमिशन को-ऑर्डिनेटर पंकज माथुर के मुताबिक, इसमें वनस्पति विज्ञान, कॉमर्स, भूगोल, एमआईएच, फीजिकल एजुकेशन और साइकॉलजी विषय शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों की तुलना में चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी पूर्व में दी गई लॉगिन आईडी से अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

पीजी हॉस्टल के लिए 17 तक जमा होगी फीस : लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी के विभिन्न कोर्सों के पहले सेमेस्टर में अभ्यर्थियों को हॉस्टल आवंटन की सूची शुक्रवार को विवि की वेबसाइट पर जारी हो गई है। इन अभ्यर्थियों की फीस जमा करने की आखिरी तारीख 17 नवंबर तक है।

250 पदों के लिए विद्यार्थियों ने दी कंप्यूटर की परीक्षा : एलयू में द महिंद्राज की प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 250 पदों के लिए शुक्रवार को चयनित छात्रों ने कम्प्यूटर की परीक्षा दी। एलयू प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि एलयू बीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने पूरी प्रकिया का खुद निरीक्षण कर कंपनी से आए एचआर को ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को नौकरी देने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा के बाद कई विद्यार्थी चयनित किए जाएंगे।

भाषा विवि : वीवी की मंजूरी के बाद छुट्टी ले सकेंगे शिक्षक

■ एनबीटी, लखनऊ : भाषा विवि में अब कुलपति की सहमति के बाद शिक्षक अवकाश ले सकेंगे। ये आदेश शुक्रवार को विवि के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने जारी किया। कुलसचिव की ओर जारी आदेश में कहा गया है कि विवि में सेमेस्टर परीक्षाएं करीब हैं, ऐसे में शिक्षण कार्य में तेजी लानी होगी। मगर शिक्षकों द्वारा अवकाश की मांग से लगातार शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ये निर्देश जारी किए गए हैं। विषम परिस्थितियों में शिक्षक कुलपति की सहमति के बाद ही अवकाश ले सकेंगे।

शिया पीजी कॉलेज में रोजगार मेला 16 को: शिया पीजी कॉलेज में 16 नवंबर को वृहद रोजगार मेला लगेगा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक अरुण कुमार भारती ने बताया कि मेले में करीब 50 कंपनियों के प्रतिनिधि 5000 पदों के लिए चयन करेंगी। अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

कैंपस ड्राइव में छह का चयन: आईटीआई अलीगंज में शुक्रवार को महिला अभ्यर्थियों के लिए कैंपस ड्राइव चला। ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि इसमें हरिद्रा की हीरो मोटोकार्प लिमिटेड कंपनी ने प्रतिभाग किया। इसमें करीब 30 महिला अभ्यर्थी शामिल हुईं। साक्षात्कार के बाद छह अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया।

HINDUSTAN PAGE 8

पीएचडी प्रवेश परीक्षा मेरिट सूची जारी

एलयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के तहत विभिन्न विषयों का परिणाम संपूर्ण मेरिट लिस्ट के साथ जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कट ऑफ देख सकते हैं।

चुने गए विद्यार्थी शनिवार की दोपहर दो बजे के बाद फीस जमा कर सकते हैं। फीस जमा करने की अंतिम तारीख 15 नवम्बर है।

जिन विषयों की सूची जारी की गई है उनमें बॉटनी, ज्योग्राफी, हिन्दी, मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, साइकोलॉजी शामिल हैं।

हॉस्टल आवंटन की सूची

परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल आवंटन की सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई है। यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिनका आंवटन हो गया वे 17 नवम्बर तक फीस जमा कर सकते हैं।

प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की तरफ से एक प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसमें विश्वविद्यालय के करीब दो हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। करीब 250 पदो के लिए कंप्यूटर की परीक्षा दी। प्लेसमेंट निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया को भारी संख्या में प्लेसमेंट हो रहे हैं।

निर्माण की गुणवत्ता जांच के लिए समिति गठित की गई

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में 91.71 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराये जाने की सिफारिश की गई है। कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव संजय मेधावी ने जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। समिति में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता या उनके द्वारा नामित कोई प्रतिनिधि समेत अन्य जिम्मेदार शामिल हैं।

i-NEXT PAGE 4

पहले एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की डेट 14 नवंबर निर्धारित थी

बीटेक में 16 को डायरेक्ट एडमिशन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को जारी किया नोटिफिकेशन

LUCKNOW (11 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में संचालित बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में सीधे दाखिले के लिए अब स्पाट काउंसिलिंग 16 नवंबर को होगी. अब तक 14 नवंबर की तिथि तय थी. इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

7 तक लिए गए थे आवेदन

एलयू के फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के अंतर्गत बीटेक, बीफार्मा, एमसीए आदि कोर्स संचालित हैं. हर साल बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर की खाली सीटों पर प्रवेश दिए जाते हैं. इस बार भी सात नवंबर तक इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं. संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि एकेटीयू की काउंसिलिंग के बाद जो सीटें बचेंगी, उन पर सीधे दाखिले 16 नवंबर को मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे. मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि एकेटीयू की ओर से काउंसिलिंग तिथि में बदलाव की वजह से शेड्यूल में परिवर्तन हुआ है.

23 नवंबर से शुरू होगी पढ़ाई

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीटेक, एमसीए और बीफार्मा के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं अब 23 नवंबर से शुरू होंगी. अभी तक इसके लिए 16 नवंबर की तिथि तय थी. इसका नोटिफिकेशन भी शुक्रवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से जारी भी कर दिया गया है.

एनसीसी छात्रों ने किया जागरूक

लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कैंपस में रैली निकाली. इस दौरान कैडेट्स ने समाज कार्य विभाग, कामर्स, कला संकाय व आस पास घूम कर सामान्य छात्र-छात्राओं को कविता, पोस्टर और स्पीच के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया. इस अवसर पर 64 एनसीसी बटालियन के केयर टेकर डा. रजनीश यादव, सीनियर अंडर आफीसर ऋतिक कुमार सिंह भी मौजूद रहे.

हबीबुल्लाह हॉस्टल में आज पूर्व छात्र ताजा करेंगे अपनी यादें

लखनऊ के हबीबुल्लाह हास्टल में शनिवार शाम को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति एआर मसूदी, बिजनेस मैन उपेंद्र सिंह, हिमांशू सहित 148 से ज्यादा पूर्व छात्रों ने शामिल होने की सहमति दी है. सभी पूर्व छात्र हबीबुल्लाह हास्टल में अपने पढ़ाई के दिनों की यादें साझा करेंगे. हबीबुल्लाह एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस पुरातन छात्र सम्मेलन में 1950 के बाद वाले पूर्व छात्र को आमंत्रित किया है. कार्यक्रम की शुरुआत शाम छह बजे से होगी. मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय होंगे. इस दौरान पूर्व छात्र हास्टल के उन कमरों का दौरा भी करेंगे, जहां कभी रहकर उन्होंने पढ़ाई और मस्ती की. छात्रों के बीच टेबल टेनिस का फाइनल मैच भी खेला जाएगा. साथ ही खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे.

एलएलबी की काउंसिलिंग 14 तक

डीएवी डिग्री कालेज में दो चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी एलएलबी पाठ्यक्रम की सीटें नही भर पाई हैं. कालेज ने खाली सीटों पर दाखिले के लिए तीसरी मेरिट सूची जारी कर काउंसिलिंग शुरू कर दी है. अभ्यर्थी वेबसाइट पर अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी व एससी वर्ग की अलग-अलग मेरिट सूची देख सकते हैं. 14 नवंबर तक प्रवेश का मौका दिया गया है. यदि फिर भी सीटें बक्ती हैं तो चौथी मेरिट जारी होगी. प्राचार्य प्रोफेसर सुधांशू सिन्हा ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट सूची के बाद अभी सीटें खाली हैं. इसलिए प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को तीसरी मेरिट में मौका दिया गया है.

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय : बीटेक बीफार्मा में सीधे दाखिले 16 को

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में संचालित बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर में सीधे दाखिले के लिए अब काउंसिलिंग 16 नवंबर को होगी। अब तक 14 नवंबर की तिथि तय थी। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

लवि के फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के अंतर्गत बीटेक, बीफार्मा, एमसीए आदि कोर्स संचालित हैं। हर साल बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर की खाली सीटों पर प्रवेश दिए जाते हैं। इस बार भी सात नवंबर तक इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि एकेटीयू की काउंसिलिंग के बाद जो सीटें बचेंगी, उन पर सीधे दाखिले 16 नवंबर को मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे। मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकेटीयू की ओर से काउंसिलिंग तिथि में बदलाव की वजह से शेड्यूल में परिवर्तन हुआ है। बीटेक, बीफार्मा द्वितीय वर्ष की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश 19 नवंबर को लिए जाएंगे।

23 नवंबर से पढ़ाई : बीटेक, एमसीए और बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं अब 23 नवंबर से शुरू होंगी। अभी तक 16 नवंबर की तिथि तय थी। इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

हबीबुल्लाह हास्टल में पूर्व छात्रों का सम्मेलन आज

जासं, लखनऊ : लखनऊ के हबीबुल्लाह हास्टल में शनिवार शाम को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति एआर मसूदी, बिजनेस मैन उपेंद्र सिंह, हिमांशू सहित 148 से ज्यादा पूर्व छात्रों ने शामिल होने की सहमति दी है। सभी पूर्व छात्र हबीबुल्लाह हास्टल में अपने पढ़ाई के दिनों की यादें साझा करेंगे। हबीबुल्लाह एल्युमिनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 1950 के बाद वाले पूर्व छात्र को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम छह बजे से होगी। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय होंगे। इस दौरान पूर्व छात्र हास्टल के उन कमरों का दौरा भी करेंगे, जहां कभी रहकर उन्होंने पढ़ाई और मस्ती की। छात्रों के बीच टेबल टेनिस का फाइनल मैच भी खेला जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

लवि : पीएचडी दाखिले के सात विषयों में सीट आवंटन जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी दाखिले के लिए सात विषयों में सीट आवंटन जारी कर दिया। इसमें बाटनी, कामर्स, जाग्रफी, हिन्दी, मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन और साइकोलाजी विषय शामिल है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी कटआफ देख लें। फीस जमा करने का मौका 12 नवंबर को दोपहर दो बजे से 15 नवंबर तक रहेगा।

प्लेसमेंट के लिए परीक्षा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को द महिंद्रा कंपनी में जाब के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 240 पदों के सापेक्ष दो हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी की कंप्युटर आधारित लिखित परीक्षा ली गई। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सेंट्रल प्लेसमेंट सेल का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें प्रेरित किया। प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा ने बताया कि लिखित परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का कंपनी इंटरव्यू लेगी। (जासं)

17 तक जमा करें फीस

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल आवंटन की सूची जारी कर दी। विद्यार्थी वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र-छात्राओं को फीस जमा करने के लिए 17 नवंबर तक मौका है। (जासं)

दी गई श्रद्धांजलि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निधन पर शुक्रवार को मंथन हाल में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित सभी अधिकारी, शिक्षकों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। (जासं)

पीएचडी के सात विषयों में सीट आवंटन जारी

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी दाखिले के लिए सात विषयों में सीट आवंटन जारी कर दिया. इसमें बाटनी, कामर्स, जाग्रफी, हिन्दी, मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन और साइकोलाजी विषय शामिल हैं. फीस जमा करने का मौका 12 नवंबर को दोपहर दो बजे से 15 नवंबर तक रहेगा.

हॉस्टल फीस 17 नवंबर तक जमा करें

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल आवंटन की सूची जारी कर दी है. विद्यार्थी यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर हॉस्टल आवंटन सूची को देख सकते हैं. छात्र-छात्राओं को फीस जमा करने के लिए 17 नवंबर तक मौका दिया गया है.

प्लेसमेंट के लिए हुई लिखित परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को द महिंद्रा कंपनी में जाब के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें 240 पदों के सापेक्ष दो हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया. सभी की कंप्युटर आधारित लिखित परीक्षा ली गई. इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सेंट्रल प्लेसमेंट सेल का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें प्रेरित किया.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में प्लेसमेंट ड्राइव

अमृत विचार संवाददाता

आयोजन

- द महिन्द्राज की प्लेसमेंट ड्राइव में दो हजार विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने शुक्रवार को द महिन्द्राज की प्लेसमेंट ड्राइव कराई। इसमें 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 16 तरह के 250 पदों के लिए अभ्यर्थियों ने कम्प्यूटर इग्ज़ाम की परीक्षा दी।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में परीक्षा प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कम्पनी से आए एचआर को ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को नौकरी देने और अच्छा पैकेज देने को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर मौजूद प्लेसमेंट निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया की इस सेशन में बड़ी संख्या में प्लेसमेंट किए जा चुके हैं,

और कुलपति के निर्देशानुसार सभी जॉब सीकर्स को नौकरी दिलाने का अभियान सीपीसी द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि इस सत्र तक अभ्यर्थियों को नौकरी दिलाने में हम रिकार्ड सफलता हासिल कर लेंगे।

Vol PAGE 4

हॉस्टल आवंटन की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक के विभिन्न कोर्सों के प्रथम सेमेस्टर में अभ्यर्थियों को हॉस्टल आवंटन के लिए सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी है। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन अभ्यर्थियों की फीस जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर है।

लविवि में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने द महिंद्रा की प्लेसमेंट ड्राइव कराई। जिसने लगभग दो हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। करीब 16 प्रोफायल्ज पर आमंत्रित 250 पदों के लिए सभी छात्रों ने कम्प्यूटर परीक्षा दी। कुलपति ने स्वयं पूरी प्रक्रिया का स्वयं निरीक्षण कर कम्पनी से आये एचआर को ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को नौकरी देने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मधुरिमा लाल प्लेसमेंट निदेशक ने बताया को इस सत्र में भारी संख्या में प्लेसमेंट करे जा चुके है। सभी जॉब सीकर्ज को नौकरी दिलाने का वृहत रूप से अभियान सीपीसी द्वारा किया जा रहा है।

THE PIONEER PAGE 3

Sparrow, butterfly, biodiversity parks to come up at LU

PNS ■ LUCKNOW

Prof Amita Kanaujia from the Institute of Life Sciences, Lucknow University, said on Friday that they have moved proposals for the setting up of a sparrow park, butterfly park and a biodiversity park on the university campus.

The proposals have been submitted to the corporates so that funds could be obtained under the corporate social responsibility. She said the aim of having a biodiversity park (to be established on the new campus) is to conserve the genetic stock available at the existing site of the park, to select the species of rare, threatened and endangered plants whose population has dwindled considerably in their natural habitat and are likely to get extinct if suitable conservation measures are not taken immediately. The purpose of establishing a botanical garden is public awareness and environmental education with special emphasis on economically important and endangered species of the region.

She said the aim is also to compile the relevant data to prepare and publish a 'green book' for the species which have been conserved and multiplied successfully in the botanical garden of the park as well as to provide a suitable research, education ground for the local public, students and researchers in order to understand the biodiversity of the local ecosystem.

She said the butterfly park is likely to come up in the College of Fine Arts. "The aim is to establish the park by constructing pathways, ponds and putting the fences and information boards, to plant nectar and host plants preferred by different species for feeding and for completing their life stages and to identify the species diversity in and around the campus as well as to train volunteers in general, the public, and in particular, the entomologist and butterfly enthusiast in raising general awareness, about the life cycle of butterflies, their host plants, and habitat conservation, declining population of butterflies," Kanaujia said.

As far as the sparrow park is concerned, which is also likely to be established in the College of Fine Arts, the aim is to identify the factors affecting the population of house sparrow in defined areas in and around the campus.

"The aim is also to plant small and bushy host trees preferred by house sparrows for roosting, to train volunteers in spreading awareness, preparation of nests for sparrows, habitat conservation and providing water and food regularly to birds, to make the students aware as well as locals to conserve the rapidly declining population of the house sparrows. The objective is to understand the societal and conservation context regarding sparrows and to find out their food preference in the areas having maximum and minimum sparrow population among the selected areas for study," she added.

PIONEER PAGE 3

पीएचडी में दाखिले को लेकर कटऑफ जारी

लखनऊ। पीएचडी कक्षाओं में दाखिले को लेकर सत्र 2020-21 की सम्पन्न कराई गयी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से कुछ पाठ्यक्रमों के कट आफ की कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दिये गये हैं। इनमें बॉटनी, कामर्स, भूगोल, हिन्दी, मिडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन, साइक्लोजी शामिल है। प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थी शनिवार अपरान्ह से शुल्क जमा कर सकते हैं। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है।